तत्काल
SPost

संख्या 24/203/2014--पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 16/7/ 2014

## आदेश

विषयः सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रथम अपील।

यतः श्री रामरतन मीणा के आवेदन दिनांक 20/02/2014, जो राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा आवेदन के निस्तारण के लिए गृह मंत्रालय को अंतरित की गई थी, जो संबंधित जन सूचना अधिकारी को दिनांक 07.04.2014 को प्राप्त हुई है, में पद्म पुरस्कारों एवं अन्य विषयों से संबंधित सूचनाएँ माँगी गई थी।

2. यतः केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा आवेदक को संबंधित सूचना समसंख्यक पत्र दिनांक 09.05.2014 द्वारा उपलब्ध करा दी गई थी।

3. यतः श्री मीणा ने अपने पत्र दिनांक 17.04.2014 (दिनांक 10.06.2014 को प्राप्त) में यह अपील की है कि उन्हे उनके आवेदन के आलोक में संबंधित जन सूचना अधिकारी से कोई सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

4. श्री मीणा द्वारा दी गई अपील का अवलोकन किया गया एवं यह पाया गया कि केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा बिन्दुवार उत्तर आवेदक को उपलब्ध करा दी गई है। तथापि उपरोक्त प्रत्युत्तर की प्रति संलग्न है।

5. तदनुसार इस अपील का निस्तारण किया जाता है। इस अपील का निस्तारण कार्य की अधिकता के कारण सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (6) के अंतर्गत 30 दिनों के बाद परन्तु 45 दिनों के अन्दर किया जा रहा है।

संलग्नक–उपरोक्त

16/7/14

(सतपाल चौहान)
संयुक्त सचिव (प्रशा0)
एवं अपीलीय अधिकारी
दुरभाषः 23093178

O/C

श्री रामरतन मीणा,
पुत्र श्री रामपाल मीणा,
एस 57, नियर कामधेनू शॉपिंग सेंटर,
शास्त्री नगर, जयपुर,
राजस्थान–302016।

जारी किया
ISSUED
17
MHA (NB)
हस्ताक्षर/Sign.......................
प्रा. तथा प्रे./R&I

COPY TO: SO (IT)

संख्या 24/203/2014–पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
.....

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 9/5/ 2014

सेवा में,

श्री रामरतन मीणा,
पुत्र श्री रामपाल मीणा,
एस 57, नियर कामधेनू शॉपिंग सेंटर,
शास्त्री नगर, जयपुर,
राजस्थान–302016।

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना।
......

आपके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के आवेदन दिनांक 20/02/2014, जो राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा आवेदन के निस्तारण के लिए गृह मंत्रालय को अंतरित की गई है, जो अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 07.04.2014 को प्राप्त हुई है, के संबंध मे उपलब्ध सूचना निम्न हैः

| क्रम संख्या | प्रत्युत्तर |
|---|---|
| 1 | ऐसी कोई समेकित सूची मंत्रालय द्वारा नहीं बनाई जाती है। |
| 2 | किसी व्यक्ति को पदम पुरस्कार नहीं मिलने का कोई कारण पदम पुरस्कार समिति द्वारा अंकित किया जाता है। |
| 3 | संबंधित सूचना संलग्न है। |
| 4 | इस संबंध में कोई सूचना अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध नहीं है। |
| 5 | इस संबंध में कोई सूचना अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध नहीं है। |

2. इस मामले मे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अंतर्गत अपील, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी श्री सतपाल चौहान, संयुक्त सचिव (प्रशासन), गृह मंत्रालय, कमरा संख्या 194, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को 30 दिनों के समय में की जा सकती है।

(श्यामला मोहन)
निदेशक एवं केन्द्रिय जन सूचना अधिकारी

CR-262956/Dir(ACV)/14
07/04

आर टी आई मामला/तत्काल

(296)

सं. ए-43020/01/2013-आर टी आई
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
****

नई दिल्ली, दिनांक : 29/3/2013

कार्यालय ज्ञापन

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत श्री/श्रीमती/सुश्री रामरतन मीणा का आवेदन।

*******

अधोहस्ताक्षरी को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना मुहैया कराने के ~~संबंध में श्री/श्रीमती/सुश्री रामरतन के दिनांक 20.02.2013 के आवेदन (जो संलग्न है)~~ राष्ट्रपति सचिवालय से अंतरण द्वारा दिनांक 19.3.2013 को प्राप्त को प्रशासन प्रभाग को अंतरित करने का निर्देश हुआ है, क्योंकि मांगी गई सूचना उक्त प्रभाग के क्रियाकलापों से संबंधित है/निकट रूप से संबंध रखती है। यह अनुरोध किया जाता है कि यदि विषय-वस्तु का संबंध किसी अन्य केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी से है, तो आवेदक को सूचित करते हुए आवेदन को सीधे उक्त प्राधिकारी को अग्रेषित/अंतरित कर दिया जाये।

2. आवेदक ने 10/- रु. का निर्धारित शुल्क दिनांक ..../..../2013 की रसीद राष्ट्रपति सचिवालय के सहारे जमा कर दिया है (संलग्न)/ ~~नहीं किया है क्योंकि वह बी पी एल श्रेणी से संबंध रखता/रखती है।~~

सु. सामंत
(एस. सामन्त)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में

निदेशक (एफ.सी.वी)
गृह मंत्रालय
नार्थ ब्लाक
नई दिल्ली

7/4/14
US(P)
7/4
7/04
ns. P

प्रति सूचनार्थ प्रेषित :

श्री/श्रीमती/सुश्री रामरतन मीणा
द्वारा रामपाल मीणा
एस-57, नियर कामधेनु शॉपिंग सेन्टर
शास्त्रीनगर, जयपुर, राजस्थान-302016

(उनसे अनुरोध है कि इस मामले में अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी से संपर्क करें।)

1599/RTI/2014
19/3/14

सूचना का अधिकार

2362/आर.टी.आई./02/13-14
राष्ट्रपति सचिवालय
**PRESIDENT'S SECRETARIAT**
आर.टी.आई. अनुभाग

राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004.
Rashtrapati Bhavan, New Delhi-110004.
25, फरवरी 2014

सेवा में,
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
गृह मंत्रालय
नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

महोदय,

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत श्री रामरतन मीणा का दिनांक 20.02.2014 का आवेदन पत्र दिनांक 25.02.2014 को प्राप्त हुआ है। वांछित सूचना आपके द्वारा धारित/आपके कृत्यों से निकट रूप से संबंधित होने के कारण उक्त आवेदन पत्र आपके कार्यालय को सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के तहत हस्तांतरित किया जा रहा है।

2. आवेदक ने इसके लिए शुल्क के रूप में ₹ 10/- (रूपये दस मात्र) का भुगतान इस सचिवालय में कर दिया है।

अनुभाग अधिकारी,
सूचना का अधिकार अनुभाग,
गृह मन्त्रालय, नई दिल्ली।

Ministry of Home Affairs
नई दिल्ली/New Delhi
28 FEB 2014

भवदीय

(सौरभ विजय)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

प्रतिलिपि सूचनार्थ:
श्री रामरतन मीणा पुत्र श्री रामपाल मीणा
एस-57, नियर कामधेनू शापिंग सेंटर
शास्त्रीनगर, जयपुर, राजस्थान- 302016.

वांछित सूचना इस सचिवालय के क्षेत्राधिकार में नहीं आती है। अतः आपका पत्र संबंधित कार्यालय को हस्तांतरित किया जा रहा है। भविष्य में इससे संबंधित जानकारी के लिए उपरोक्त कार्यालय से सीधे संपर्क करें।

केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

Dir (A&V)

RTI Application
PRESIDENT'S SECRETARIAT
Central Regist / Section
35317
FEB 2014
ICR

सूचना चाहने के लिये आवेदन का प्रारूप
(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की 6(1) के अन्तर्गत)

प्रेषित:

लोक सूचना अधिकार/सहायक लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय ........public Section of president's secretariat........

राष्ट्रपति सचिवालय/President's Secretariat
(सू० का० अधि०) आर.टी.आई. Section
9362/RTI/1544
डायरी सं०/Dy. No.
3-2-14
दिनांक/Date

1. आवेदक का पूरा नाम ........रामरतन मीणा S/o श्री रामपाल मीणा........
2. पता ........S-57 निपर कामर्शियल शॉपिंग सेंटर आदर्श नगर – जयपुर (राज०) pin- 302016........
3. सूचना की विशिष्टयां ........public Section of president's secretariat........
   विभाग/कार्यालय का नाम जिससे सूचना उपबंधित है,
   सूचना की प्रकृति:लिखित एवं दस्तावेजी........लिखित........
   अवधि ........7 दिन........
   चाही गयी सूचना का विवरण ........तथ्य संलग्न है।........
4. क्या फीस देने का सबूत संलग्न किया गया है? ........हाँ........

1. आवेदन शुल्क रूपये 10 नकद या आई.पी.ओ........I. P. O........

रिकार्ड के निरीक्षण हेतु शुल्क: विभाग द्वारा मांग करने पर जमा करवा दिया जावेगा।
रूपये प्रति शुल्क विभाग द्वारा मांग करने पर जमा करवा दिया जावेगा।
आप यदि आवेदक बी.पी.एल. परिवार से है, 10 रूपये की फीस देय नही है।

कमाक संख्या: 1
स्थान: – जयपुर
दिनांक – 20/1/2014

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रथम अपील

सक्षम अपील अधिकारी का पदनामः–श्रीमान् सूचना आयुक्त, राज्य सूचना आयोग, जयपुर।

अपील संखयाः........................................................./2011

अपीलार्थी का नाम व पताः रामरतन मीणा S/o श्री रामपाल मीणा
S-57 निपर कामधेनु शापिंग सेंटर
शास्त्री नगर - जयपुर (राज०)
pin- 302016

बनाम्

कार्यालय के भारसाधक का पदनामः public section of president's secretariat

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1)

1. अपीलार्थी का नाम व पताः रामरतन मीणा S/o श्री रामपाल मीणा S-57 निपर कामधेनु शापिंग सेंटर शास्त्रीनगर - जयपुर (राज०) pin- 302016.

2. चाही गई सूचना की विशेषताएं:–

1. विभाग व कार्यालय का नाम जिससे सूचना संबधित है:–

नारायण सेवा संस्थान ट्रस्ट - उदयपुर (राज०)

2. सूचना की प्रकृति लिखित

3. सूचना के पूर्ण ब्यौरे: संलग्न है

3. ऐसे आदेश जिसके खिलाफ अपील की गई: 0755/एम/आर.टी.आई/02/13-14 / No. A - 27011/2142/06 - RTIA (AA)

4. अपील के आधार 1. नारायण सेवा संस्थान ट्रस्ट उदयपुर के मैनेजिंग ट्रस्टी कैलाश 'मानव' ने 'पद्मश्री' अवार्ड के लिए कितनी बार एप्लाई की

2. कैलाश 'मानव' को 'पद्मश्री' अवार्ड पहले की एप्लाईयों में क्यों नहीं मिला इसके पीछे क्या कारण थे।

3. अन्तिम बार जब कैलाश 'मानव' ने 'पद्मश्री' के लिए एप्लाई किया तब उन्होंने ऐसे कौनसे मानवता के काम किये जिसके लिए उनको पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया।

4. क्या कोई व्यक्ति या पदाधिकारी महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी से मुलाकात करके उनके साथ फोटो खिंचवाके उस फोटो का इस्तेमाल अपनी पब्लिसिटी के लिए अपने साहित्य सामग्री व ओरिजनल रसीदों पर छाप सकता है या नहीं। यदि नहीं तो नारायण सेवा संस्थान फोटो कैसे छाप रहा है।

5. जून 2008 में महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी का आरक्षण रेल भोपाल द्वारा उदयपुर (राज०) के प्रस्तावित दौरे को किन कारणों से कैंसिल किया था।

संलग्न--

प्रार्थी/अपीलाण्ट

स्थान व दिनाक:-- 20/2/2014 जयपुर

मन्दिर मार्ग, नई दिल्ली-110001

फोन : 011-3342087 • टेलफैक्स : 011-3363105

**परिचय-पत्र**



कमेटी/प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी

नाम श्री राम रतन मीणा

पदनाम

पिता का नाम श्री ... मीणा

पता ...

मान्य 25/10/2... तक

रामरतन मीणा

कार्ड होल्डर के हस्ताक्षर

...कृत हस्ताक्षर

## -: उद्देश्य एवं नियम :-

1. अखण्ड हिन्दुस्तान की स्थापना।
2. देश की संस्कृति तथा परम्परा के आधार पर भारत में विशुद्ध लोक-राज्य का निर्माण
3. विभिन्न जातियों तथा उपजातियों को एक अविच्छिन्न समाज में संगठित करना।
4. ऐसी सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना, जिसमें राष्ट्र के सब घटकों के समान अधिकार तथा कर्तव्य होंगे
5. राष्ट्र-घटकों को उदात्त गुणों के आधार पर विचार, प्रचार और पूजा की राष्ट्र-धर्म के अनुकूल स्वतंत्रता का प्रबन्ध।
6. सादा जीवन व उच्च विचार तथा भारतीय नारीत्व को उदात्त प्राचीन आदर्शों को पुनर्जीवित कर उनकी उन्नति करना। स्त्रियों-बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था।
7. हिन्दुस्तान को सैनिक, राजनीतिक, आर्थिक, भौतिक रूप से शक्तिशाली तथा आत्मनिर्भर बनाना।
8. सर्व प्रकार की सामाजिक असमता को दूर करना।
9. धन के वितरण में प्रचलित अस्वाभाविक असमानता को दूर करना।
10. जो लोग हिन्दु धर्म छोड गये हैं उनका तथा अन्य लोगों का हिन्दू समाज में स्वागत करना
11. गौरक्षा करना तथा गौवध बन्द कराना
12. हिन्दी को राष्ट्रभाषा तथा देवनागरी को राष्ट्र-लिपि बनाना
13. अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति तथा उन्नति के लिए हिन्दुस्तान के हित के अनुकूल मित्रता बढ़ना।